हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, सोमवार 26 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 17.2 डिग्री
न्यूनतम 1.2 डिग्री

9 उद्योगों की नीतियों से हरियाणा भी विकसित भारत में निभाएगा अहम भूमिकाः राव नरबीर



10 मतदाताओं को बिना किसी प्रलोभन, भय व लालच के करना चाहिए मताधिकार का प्रयोगः डीसी



### मार्चपास्ट में नजर आएगी एकता व अनुशासन की कदमताल

# देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों के साथ आज मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

## जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले समारोह में खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पुलिस लाइन में 26 जनवरी को मनाए जाने वाले भारत के 77वें गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर प्रशासन की ओर सभी तैयारियां व प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी लेंगे, वहीं उपमंडल बावल में विधायक डा. कृष्ण कुमार तथा कोसली में उपमंडल स्तरीय समारोह में विधायक डा. अनिल यादव ध्वज फहराकर मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह भव्य व गरिमामयी ढंग से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्व पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम देशभक्ति से ओतप्रोत सहित प्रेरणादायक एवं शिक्षाप्रद भी होंगे। विभागों की ओर से गणतंत्र दिवस के अवसर पर निकाली जाने वाली झांकियों की तैयारियां भी विभागों ने पूरी तैयारी कर ली गई है। झांकियां आमजन को विभागीय जानकारी के साथ-साथ सकारात्मक और सार्थक संदेश भी देगी। जिला स्तरीय समारोह में स्वतंत्रता सेनानियों और युद्ध वीरांगनाओं का सम्मान किया जाएगा। इसके अलावा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाएगा।



रेवाड़ी। पुलिस लाइन में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी में रंगोली बनाते आर्टिस्ट। फोटो : हरिभूमि

### मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे आयोजित

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस के अवसर पर परेड इंचार्ज डीएसपी पवन कुमार की अगुवाई में हरियाणा पुलिस की महिला व पुरुष टुकड़ियां तथा एनसीसी कैडेट्स की टुकड़ियां मार्चपास्ट में कदमताल करती नजर जाएंगी। समारोह में राजकीय मॉडल विद्यालय जलियावास से विद्यार्थी मलखंभ की प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी पीटी-डंबल, जैन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी देशभक्ति नृत्य, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं राजस्थानी नृत्य, राज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी कश्मीरी नृत्य और आरपीएस स्कूल के विद्यार्थी हरियाणवी लोक संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम पेश करेंगे।

### झांकियां देंगी योजनाओं की जानकारी

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं अंत्योदय उत्थान की भावना पर आधारित झांकियां निकाली जाएगी। खेल विभाग, हरियाणा राज्य परिवहन, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, शहरी निकाय, वन विभाग व बागवानी विभाग की ओर से झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। झांकियों में बच्चों के शैक्षणिक विकास, महिला सशक्तिकरण, लिंगभेद, कन्या भ्रूण हत्या, राष्टीय स्वास्थ्य बीमा योजना, आयुष्मान भारत, अंत्योदय भावना के साथ पंक्ति में अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाने और सड़क सुरक्षा थीम पर प्रस्तुति दी जाएगी।





रेवाड़ी। कोरम पूरा नहीं होने पर ग्रामसभा से वापस जाते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### कोरम पूरा नहीं होने पर गुमीना ग्रामसभा स्थगित, आज तीसरी बार होगी बैठक

**खोरी।** गुमीना गांव की पंचायत में कोरम पूरा नहीं होने पर रविवार को ग्राम सभा स्थगित कर दी गई। सरकार के निर्देशों के अनुसार पहली बैठक में 40 प्रतिशत उपस्थिति व दूसरी बैठक में 30 प्रतिशत मतदाता उपस्थित पर ग्राम सभा होनी थी। 30 प्रतिशत की गणना के अनुसार लगभग 200 लोगों की उपस्थिति जरूरी थी, जबकि सभा में 40 से 50 लोग ही मौजूद थे। ऐसे में एक बार फिर सभा को स्थगित कर दिया गया। ग्राम सचिव विकास कुमार ने बताया कि रविवार की आमसभा में भी जरूरी उपस्थित नहीं हो पाई। अब तीसरी बैठक 26 जनवरी को आयोजित की जाएगी। अधिकारियों को अवगत कराकर आगामी बैठक का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीणों के साथ-साथ इस सभा में पंचायत के सभी पंच भी उपस्थित नहीं हुए। शनिवार को गांव के ग्रामीण आनंद सिंह ने पिछले 3 साल से ग्रामसभा नहीं होने का आरोप भी लगाया था।











# कुछ सफर रिलीज के साथ खत्म नहीं होते : अनिल

**मुंबई।** साल 2024 में फिल्म 'फाइटर' रिलीज हुई थी। ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण अभिनीत यह फिल्म गणतंत्र दिवस के मौके पर आई थी। इसमें अनिल कपूर भी अहम रोल में नजर आए थे। इसकी रिलीज को दो साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर अनिल कपूर पुरानी यादों में खो गए हैं। उनका कहना है कि इस फिल्म से जुड़ी यादें आज भी ताजा हैं। उन्होंने 'फाइटर' से कुछ फोटोज शेयर किए हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'दो साल बीत गए। 'फाइटर' अब भी ऊंची उड़ान पर है। पीछे मुड़कर देखने पर उन यादों के लिए बहुत शुक्रगुजार हूं, जो स्क्रीन बंद होने के बाद भी लंबे समय तक रहती हैं। कुछ सफर रिलीज के साथ खत्म नहीं होते।

## लाइफ Style

# मौनी

## इवेंट में हुई छेड़छाड़ पर जताई नाराजगी

अभिनेत्री मौनी रॉय को हाल ही में एक ऐसे घटनाक्रम का सामना करना पड़ा, जिसको लेकर उन्हें शर्मिंदगी महसूस हो रही है। इस मामले पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कानूनी कार्रवाई की बात कही है। अभिनेत्री मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर एक लंबे पोस्ट में एक हैरान करने वाला खुलासा किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस ने आरोप लगाया कि हाल ही में हरियाणा में हुए एक कार्यक्रम में कुछ बुजुर्ग पुरुषों ने उनके साथ छेड़छाड़ की। एक्ट्रेस इस हैरान कर देने वाले घटनाक्रम से सदमे में हैं और उन्हें भारी शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। मौनी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी साझा की है। मौनी ने इंस्टाग्राम पर दो स्टोरी साझा की हैं। इनमें उन्होंने लंबे नोट के साथ अपने साथ हुए हादसे का जिक्र किया है। एक्ट्रेस ने लिखा, 'पिछले दिनों करनाल में एक कार्यक्रम था और मेहमानों के व्यवहार से मैं बेहद निराश हूं। खासकर उन दो अंकल लोगों के व्यवहार से जो दादा-दादी की उम्र के हैं। जैसे ही कार्यक्रम शुरू हुआ और मैं मंच की ओर बढ़ी, अंकल और परिवार के सदस्यों सभी पुरुष ने तस्वीरें खींचने के लिए मेरी कमर पर हाथ रख दिया। जब मैंने कहा सर, कृपया अपना हाथ हटा लें, तो उन्हें यह बिल्कुल पसंद नहीं आया।' अभिनेत्री ने आगे बताया, 'मंच पर तो और भी बुरा हाल था। दो अंकल ठीक मेरे सामने खड़े हो गए और अश्लील टिप्पणियां करने लगे, मुझे अश्लील इशारे करने लगे और गालियां देने लगे। मुझे इसका एहसास हुआ और मैंने पहले तो विनम्रता से उन्हें ऐसा न करने का इशारा किया, जिस पर उन्होंने मुझ पर गुलाब फेंकना शुरू कर दिया।



## हॉलीवुड मसाला




# लाइवली-टेलर ने जस्टिन पर बोला धावा

**लॉस एंजिल्स।** टेलर स्विफ्ट और ब्लेक लाइवली की निजी चैट लीक हो गई हैं, जिससे हॉलीवुड में एक नया विवाद खड़ा हो गया है। टेलर स्विफ्ट और ब्लैक लाइवली एक बार फिर सुर्खियों में हैं। वजह ये है कि दोनों की प्राइवेट चैट लीक हो गई है। इस तरह फिल्मी दुनिया में पर्दे के पीछे चल रहे विवाद एक बार फिर चर्चा का विषय बन गए हैं। हॉलीवुड की चर्चित फिल्म इट एंड्स विद अस से शुरू हुआ विवाद अब एक नया मोड़ ले चुका है। ब्लेक लाइवली और टेलर स्विफ्ट अभिनेता-निर्देशक जस्टिन बाल्डोनी से जुड़े हाई-प्रोफाइल कानूनी विवाद का हिस्सा बन गई हैं।



# हॉलीवुड की वो फिल्म जिसमें दिखी महाभारत की झलक

**लॉस एंजिल्स।** साल 2000 में हॉलीवुड में एक फिल्म आई जिसका नाम था 'द लीजेंड ऑफ बैगर वेंस'। इस फिल्म को बनाने के पीछे का उद्देश्य यूं तो आम सा था, लेकिन असल में फिल्म की कहानी कहीं और सो नहीं बल्कि 'महाभारत' से इंस्पायर्ड थी और फिल्म उस दौर में कल्ट क्लासिक बनी थी। फिल्म की कहानी है उस 'अर्जुन' के ऊपर आधारित थी, जो असल में अपने मन की एकाग्रता खो चुका है और फिर उसके जीवन में एक 'कृष्ण' की एंट्री होती है जो उसकी खोई हुई शक्तियों और उसके आत्मविश्वास को याद दिलाता है। विल स्मिथ और मैट डैमन की फिल्म 'द लीजेंड ऑफ बैगर वेंस' की इसी पर आधारित थी। फिल्म का बैकग्राउंड 1916 के सवाना यानि जॉर्जिया की पृष्ठभूमि पर आधारित था। यहीं पर रन्नुल्फ जूनह का किरदार निभाने वाले मैट डैमन एक समय के बेहतरीन गोल्फर हुआ करते थे, लेकिन प्रथम विश्व युद्ध के सदमे ने उसे अंदर से तोड़ दिया।



# सिनेमाघर पहुंचकर बोला भारत माता की जय

**मुंबई।** सिनेमाघरों में 23 जनवरी से वॉर ड्रामा फिल्म 'बॉर्डर 2' चल रही है। दर्शक इसे खूब प्यार दे रहे हैं। पहले और दूसरे दिन फिल्म ने अच्छी कमाई की। इस फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी हैं। सभी कलाकार अपने-अपने हिसाब से दर्शकों का आभार जता रहे हैं। इसी कड़ी में वरुण धवन एक सिनेमाघर में पहुंचे और दर्शकों से बातचीत की। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि वरुण धवन उस सिनेमाघर में पहुंचे जहां फिल्म 'बॉर्डर 2' चल रही थी। वह जैसे ही यहां पहुंचे सिनेमाघर तेज आवाज और सीटियों से गूंज उठा। वरुण धवन ने दर्शकों से पूछा, 'आप लोगों को फिल्म कैसी लग रही है?' इस पर दर्शकों ने जवाब दिया 'बहुत अच्छी लग रही है।' इसके बाद उन्होंने जोर से भारत माता की जय बोला।



# किंग का दमदार टीजर किया जारी...

**मुंबई।** इस बार क्रिसमस का त्योहार शाहरुख खान के नाम होने वाला है। 'किंग' के टीजर में शाहरुख खान के किरदार का लुक भी सामने आया है। साथ ही फिल्म की कहानी की भी झलक मिली है। शाहरुख खान ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में 'किंग' का दमदार टीजर शेयर किया। साथ ही कैप्शन में लिखा, 'फिल्म 'किंग' 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दहाड़ने के लिए तैयार है।' किंग खान की इस पोस्ट को फैंस ने भी लाइक किया है। वह अपने पसंदीदा एक्टर की फिल्म देखने के लिए एक्साइटेड हैं। फिल्म 'किंग' के टीजर में शाहरुख खान का किरदार पहले एक पहाड़ की चोटी पर नजर आता है। फिर अचानक जोर से चींखता है। इसके बाद एक कांच की छत को तोड़ते हुए शाहरुख का किरदार सामने आता है। वह खून से लथपथ नजर आता है।

## टीवी मसाला



# कॉमेडी नाइट्स शो छोड़ने का नहीं है कोई मलाल : उपासना

**नई दिल्ली।** कॉमेडी नाइट्स विद कपिल की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेस उपासना सिंह को आज भी लोग पिंकी बुआ के नाम से याद करते हैं। उन्होंने कपिल का शो छोड़ने के बरसों बाद अपनी खामोशी तोड़ी है। अक्सर उनके और कपिल के बीच अनबन की खबरें उड़ती रहती हैं, लेकिन उपासना ने इन सबको अफवाह करार दिया है। उन्होंने बेहद शालीनता से कहा कि उनके मन में शो छोड़ने को लेकर कोई दुख या मलाल नहीं है। उपासना ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि कपिल आज भी उनके छोटे भाई जैसे हैं। फिलहाल वह पंजाबी फिल्मों में काफी बिजी हैं। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि वह सिर्फ एक्टिंग ही नहीं, बल्कि सिने एंड टीवी आर्टिस्ट एसोसिएशन की जनरल सेक्रेटरी के तौर पर भी बड़ी जिम्मेदारी निभा रही हैं। उन्होंने कलाकारों की पेमेंट समय पर दिलाने और काम के घंटे तय करने जैसे जरूरी मुद्दों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'जब हमने ढाई साल एक साथ काम किया था। बहुत प्यारे दिन थे और मेरा किरदार पिंकी बुआ बहुत पसंद किया गया था, जैसे फिल्म 'जुदाई' का 'अब्बा, जब्बा, डब्बा' वाला किरदार फेमस हुआ था।' उपासना सिंह ने कहा, 'मैं कपिल और सारी टीम के लिए बहुत खुश हूं और मेरे मन में कोई दुख नहीं है कि मैं अब शो का हिस्सा नहीं हूं। मेरा मानना है कि जब तक भगवान ने मेरा काम वहां लिखा था, मैंने किया। मेरा और कपिल का कोई झगड़ा नहीं है।

## परिवार की मौत का बदला ही नहीं देश की रक्षा भी बना मकसद

**नई दिल्ली।** हाल ही में सीरियल 'नागिन 7' शुरू हुआ है। सीरियल में प्रियंका चाहर चौधरी लीड रोल में हैं। जल्द ही आम लड़की पूर्वी नागिन बनकर अपने परिवार की मौत का बदला लेगी। साथ ही सीरियल में वह देश की रक्षा भी करेगी। नाग मणि पान के लिए कुछ लोगों ने मिलकर पूर्वी के परिवार को मार डाला। अब वह अपना नागिन का रूप पहचान चुकी है। उसका एक ही मकसद रह गया है, अपने परिवार की मौत का बदला। उसे हत्यारों के घर में एंट्री ली है। वह एक-एक करके उन लोगों को मारेगी, जो उसके परिवार की मौत के जिम्मेदार हैं। साथ ही यही लोग देश को नुकसान भी पहुंचाने वाले हैं। ऐसे में पूर्वी नागिन बनकर, सभी बुरे लोगों का खात्मा करेगी। दूसरे हफ्ते की टीआरपी रेटिंग में सीरियल 'नागिन 7' को तीसरा स्थान मिला है।



# शहीद निर्मलजीत सिंह के परिवार से मिले सनी देओल

**मुंबई।** इन दिनों फिल्म 'बॉर्डर 2' सिनेमाघरों में लगी हुई है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ ने भारतीय वायुसेना के परमवीर चक्र विजेता शहीद निर्मलजीत सिंह सेखों का किरदार अदा किया है। सनी देओल ने हाल ही में निर्मलजीत सिंह के परिवार से मुलाकात की। फिल्म 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसमें सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी और वरुण धवन जैसे सितारे नजर आए हैं। यह फिल्म साल 1971 के भारत-पाक युद्ध पर आधारित है। फिल्म में दिखाया गया है कि हमारी जल, थल और वायुसेना ने किस बहादुरी से दुश्मनों के छक्के छुड़ाए थे। फिल्म में दिलजीत दोसांझ ने 1971 युद्ध के हीरो शहीद निर्मलजीत सिंह सेखों की भूमिका निभाई है। सनी देओल हाल ही में निर्मलजीत सिंह के परिवार से मिले। सनी देओल ने आज रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें अभिनेता निर्मलजीत सिंह के परिवार के सदस्य के साथ नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'हमारे हीरो परमवीर चक्र फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों के परिवार से मिलना मेरे लिए खुशी की बात थी। फिल्म 'बॉर्डर 2' में इनका रोल दिलजीत दोसांझ कर रहे हैं, जिनकी बेमिसाल बहादुरी की सच्ची कहानी आप फिल्म में देखेंगे। उनके परिवार से मिलना बहुत अच्छा और यादगार था'। निर्मलजीत सिंह सेखों ने 1971 के युद्ध में श्रीनगर एयरफील्ड पर पाकिस्तानी जेट हमलों का अकेले मुकाबला किया था। उन्होंने पाकिस्तान के छह फाइटर जेट खदेड़कर भारत माता की सुरक्षा की थी। महज 26 वर्ष की आयु में उन्होंने देश के लिए प्राण नौछावर कर दिए।



# ये हैं संविधान की अहमियत बताने वाली फिल्में

## मुल्क से लेकर जय भीम तक, संविधान का महत्व समझाती कहानियां

**नई दिल्ली।** आज हर देशवासी 77वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। यह दिन हमें संविधान की अहमियत समझाता है। संविधान हर भारतीय नागरिक के जीवन को कैसे सशक्त बनाता है। हमें हमारे अधिकारों से संविधान परिचित करवाता है। इस अवसर पर आप ऐसी कुछ चर्चित फिल्में भी देख सकते हैं, जो संविधान का महत्व समझाती हैं। कैसे संविधान से एक नागरिक का जीवन बदलता है, उसकी झलक इन फिल्मों की कहानियों में नजर आती है।

***मुल्क*** : ऋषि कपूर स्टारर की फिल्म 'मुल्क' 2019 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक अल्पसंख्यक परिवार की कहानी थी, सामाजिक भेदभाव, उत्पीड़न का शिकार होता है। ऐसे में यह परिवार कोर्ट का दरवाजा खटखटाता है। इस परिवार की बहू जो पेशे से वकील है, संविधान के आर्टिकल 15 के तहत अपने हक के लिए केस लड़ती है। संविधान का आर्टिकल 15 राज्य में धर्म, जाति, धर्म, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर नागरिकों के बीच भेदभाव को रोकता है।

***आर्टिकल 15*** : अनुभव सिन्हा ने ही एक फिल्म 'आर्टिकल 15' बनाई थी। यह फिल्म भी आम नागरिक को उसे हक के बारे में जागरुक करती है। इस फिल्म में लीड रोल में आयुषमान खुराना थे। फिल्म की कहानी में तीन लड़कियों का अपहरण हो जाता है। इस केस के लिए जब आयुषमान खुराना पुलिस ऑफिसर बनकर जांच करते हैं तो मामला 'आर्टिकल 15' के हनन का निकलता है।

***जय भीम*** : साल 2021 में रिलीज हुई फिल्म 'जय भीम' में भी सामाजिक भेदभाव की कहानी थी। यह तमिल लीगल ड्रामा फिल्म 1993 में हुई एक असल घटना पर आधारित थी। 'जय भीम' को एक्टर सूर्या और एक्ट्रेस ज्योतिका ने प्रोड्यूस किया था। फिल्म में एडवोकेट चंद्रू का किरदार सूर्या ने निभाया था, वह इरुलर कबीले के हकों के लिए कानून का दरवाजा खटखटाते हैं। यह फिल्म संविधान के 'आर्टिकल 17' का महत्व बताती हैं। संविधान के इस अनुच्छेद के अनुसार छुआछात गैरकानूनी है।

**न्यूटन** : साल 2017 में रिलीज हुई राजकुमार राव स्टारर फिल्म 'न्यूटन' की कहानी भी नागरिकों वोट देने के उनके मौलिक अधिकारों से अवगत कराती है। संविधान हर नागरिक को वोट देने का अधिकार देता है। इस फिल्म की कहानी में राजकुमार राव एक सरकारी कर्मचारी है, जिसे छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाके में वोटिंग करवाने की जिम्मेदारी मिलती है।



## सिनेमा के हर दौर में एक ऐसी देशभक्ति फिल्म आई जो दिलों को छू गई

# इन देशभक्ति गानों को सुनकर जोश से भर जाता है हर भारतीय

***नई दिल्ली।*** *गणतंत्र दिवस के दिन हर किसी के अंदर देशभक्ति की भावना देखने को मिलती है। इसके साथ ही हर तरफ आपको कुछ ऐसे गाने सुनने को मिलेंगे जो सालों से चले आ रहे और उन्हें सुनकर देशभक्ति का जोश लोगों के अंदर जग जाता है। बॉलीवुड ने कई देशभक्ति फिल्में बनाई हैं और उनके गाने आज भी लोग पूरे दिल से सुनते हैं। हिंदी सिनेमा के हर दौर में एक ऐसी देशभक्ति फिल्म आई जो लोगों को दिलों को छू गई। उन्हीं फिल्मों में कई ऐसे गाने रहे जिन्हें लोगों ने खूब पसंद किया।*

### छोड़ो कल की बातें

1960 में रिलीज हुई फिल्म हम हिंदुस्तानी का ये गाना है। फिल्म में सुनील दत्त, आशा पारेख, संजीव कुमार और जॉय मुखर्जी जैसे कलाकार नजर आए थे। 'छोड़ो कल की बातें' गाना सुनील दत्त पर फिल्माया गया था, जबकि इस गाने को मुकेश ने गाया था। गाने के बोल प्रेम धवन ने लिखे थे और इसका म्यूजिक उशा खन्ना ने तैयार किया था। ये एक बेहतरीन देशभक्ति फिल्म थी जो उस साल की हिट फिल्मों में से एक थी।

### भारत का रहने वाला हूं

1970 में रिलीज हुई फिल्म पूरब और पश्चिम मनोज कुमार ने ही बनाई थी। फिल्म में मनोज कुमार ही लीड रोल में नजर आए थे और उनके अपोजिट सायरा बानो नजर आई थीं। ये एक सुपरहिट फिल्म थी और फिल्म में प्राण, अशोक कुमार, निरुपा रॉय, प्रेम चोपड़ा जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में थे। 'भारत का रहने वाला हूं' गाना सदाबहार बन गया था। इस गाने को महेंद्र कपूर ने गाया था, जबकि गाना मनोज कुमार पर ही फिल्माया गया था। इस गाने का म्यूजिक कल्याणजी आनंदजी ने तैयार किया था और इसके बोल इंद्रवर ने लिखे थे।



### आई लव माई इंडिया

1997 में रिलीज हुई फिल्म परदेश के डायरेक्टर-प्रोड्यूसर सुभाष घई थे। फिल्म में शाहरुख खान, महिमा चौधरी, अपूर्व अग्निहोत्री, अमरीश पुरी और आलोक नाथ अहम किरदारों में नजर आए थे। 'आई लव माई इंडिया' गाना उसी फिल्म का है जिसे आज भी लोग शान के साथ सुनते हैं। इस गाने को हरिहरण, कविता कृष्णमुर्ति, शंकर महादेवन, आदित्य नारायण ने गाया था। गाने का म्यूजिक नदीम-श्रवण ने तैयार किया था और बोल आनंद बख्शी ने लिखे थे।

### संदेशे आते हैं

1997 में रिलीज हुई फिल्म बॉर्डर को जेपी दत्ता ने बनाया था। फिल्म में सनी देओल, जैकी श्रॉफ, सुनील दत्त, अक्षय खन्ना जैसे कलाकार अहम किरदारों में नजर आए थे। ये उस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म थी जिसका दूसरा पार्ट 2026 में रिलीज होगा। 'संदेश आते हैं' गाना उसी फिल्म का है और आज भी पसंद किया जाता है। इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था।

### ऐ मेरे वतन के लोगों

दिवंगत सिंगर लता मंगेशकर का ये गाना किसी फिल्म का नहीं है। उन्होंने लाइव ये गाना गाया था और बताया जाता है पहली बार जब उन्होंने ये गाना गाया तब ऑडियंस में बैठे सभी लोगों की आंखों में आंसू आ गए थे। उन लोगों में उस दौर के पीएम स्वर्गीय जवाहर लाल नेहरू भी थे, जिनकी आंखें भर आई थीं। इस गाने को आज भी लोग सुनते हैं और इमोशनल हो जाते हैं। लता मंगेशकर जब भी लाइव कॉन्सर्ट करती थीं, तब ये गाना पब्लिक डिमांड पर वो सुनाती थीं।

### मेरा मुल्क मेरा देश

1996 में रिलीज हुई फिल्म दिलजले के डायरेक्टर हैरी बावेजा थे। फिल्म में अजय देवगन और सोनाली बेंद्रे लीड रोल में थे। फिल्म में ये गाना तीन बार दिखाया गया था और आज भी लोग इस गाने को खास दिनों में सुनते हैं। 'मेरा मुल्क मेरा देश' गाना कुमार सानू और आदित्य नारायण के साथ अलका यागनिक ने गाया था। गाने के बोल जावेद अख्तर ने लिखे थे जबकि इसका म्यूजिक अनु मलिक ने तैयार किया था।

**खबर संक्षेप**

### मारपीट व धमकी देने के दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना सदर पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में खलीलपुर निवासी राहुल और बुड़ाना निवासी यशपाल को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से मारपीट में प्रयुक्त बाइक और बांस का डंडा बरामद किया गया है। तफ्तीश में शामिल करने के बाद दोनों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** कसोला पुलिस ने नशीला पदार्थ बेचने के मामले में एक आरोपी को गांजा सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आसलवास निवासी राहुल नशीले पदार्थ बेचने का धंधा करता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर आरोपी को काबू कर लिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में उसकी तलाशी ली गई। आरोपी के कब्जे से तलाशी के दौरान 71.54 ग्राम गांजा बरामद हुआ। उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। बाद में उसे जेल भेज दिया गया।

### अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने मनेठी में छापा मारकर एक व्यक्ति को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि मनेठी निवासी निर्भय सिंह अवैध शराब की बिक्री करता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने गांव में जाकर छापेमारी की, तो आरोपी के कब्जे से अवैध शराब की एक बोतल व 47 पव्वे बरामद हुए। पुलिस ने शराब के साथ आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ कुंड पुलिस चौकी में एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### निवारक कार्रवाई में पांच गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रोहड़ाई पुलिस ने खेड़ा आलमपुर में झगड़े की आशंका को देखते हुए निवराक कार्रवाई के तहत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को शिकायत मिली थी कि गांव के दो गुटों के बीव विवाद हो रहा है। झगड़े की आशंका को देखते हुए पुलिस ने गांव निवासी अजीत, सतेंद्र, होशियार सिंह, रविंद्र और कमल को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपियों को हवालात में बंद करने के बाद अगले दिन कोर्ट में पेश कर दिया। जमानत मिलने के बाद आरोपियों को रिहा कर दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न मामले का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता को प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वर्ष 2024 में विवाहित का शिकायत मिलने के बाद दोनों पक्षों के बीच बातचीत से सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। दोनों पक्षों के बीच समझौता नहीं होने के कारण पुलिस ने गत वर्ष 13 दिसंबर को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के पनवाली निवासी राजेश को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### हार्ट अटैक से ट्रक चालक की मौत

**रेवाड़ी।** दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर निखरी कट के पास शनिवार की रात एक ट्रक चालक की हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। यूपी के सिरथला चट्टा निवासी चालक जितेंद्र ट्रक लेकर दिल्ली की ओर जाने के लिए निकला था। निखरी कट के पास उसे सीने में दर्द की शिकायत हुई। कुछ देर बाद ही वह ट्रक साइड में लगाकर बेसुध हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों के हवाले कर दिया।

# विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस व समर्थ भारत पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा की ओर से निजी होटल में राष्ट्रीय युवा दिवस एवं समर्थ भारत पर्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ तीन ओंकार तथा शांति पाठ के साथ केंद्र के कार्यकर्ता अनुराग राज के ने कराया। कार्यक्रम में दिनेश सैनी ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की व नरेश यादव ने अध्यक्ष की भूमिका निभाई। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. पवन गोयल मुख्य वक्ता थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता ने कहा समर्थ भारत पर्व न केवल युवाओं, बल्कि सामान्य व्यक्तियों को भी इस बात के लिए प्रेरित करता है कि वे स्वामी विवेकानंद के ध्यान का चिंतन करते हुए राष्ट्र के पुनरुत्थान एवं संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए कार्य करने का संकल्प लें। डा. पवन गोयल ने पंच परिवर्तन, जिसमें कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य एवं पर्यावरण का भी वर्णन किया तथा राष्ट्र के उत्थान व अपनी संस्कृति के संरक्षण के लिए इन पांच परिवर्तनों को अपने जीवन में शामिल करने का आग्रह किया।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान करते अयोजक।

### स्वामी विवेकानंद पर कविता का पाठ किया

विवेकानंद केंद्र के प्रांत सह प्रमुख अनिल शर्मा ने केंद्र का परिचय दिया। नगर प्रमुख महेश शर्मा ने केंद्र गीत गाया। वरिष्ठ अधिवक्ता बुद्धदेव यादव की पुत्री सावित्री ने स्वामी विवेकानंद पर कविता का पाठ किया। श्रुति शर्मा व शिक्षक मनोज कुमार वशिष्ठ ने स्वामी विवेकानंद के प्रेरक प्रसंग सुनाए।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद


कार्यक्रम में प्रोफेसर रमेश चंद्र शर्मा, केंद्र के प्रांत सह संचालक दशरथ चौहान, साहिल, आलोक, योजना विभाग के निदेशक जय सिंह यादव, आचार्य दिलीप शास्त्री, सेवानिवृत्त पुलिस इंस्पेक्टर कंवर सिंह, सेवानिवृत्त मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुज भार्गव, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी धर्मवीर सिंह बल्डोदिया, उपनिदेशक मोहिंदरपाल यादव, प्रोफेसर सीएल सोनी, प्राचार्य राकेश वत्स, डा. आरके शर्मा, पीके गुप्ता, पूर्व एचसीएस अधिकारी राम अवतार एकलव्य, संदीप शर्मा व यशपाल यादव मौजूद थे।

## युवाओं को बिना खर्ची और पर्ची के योग्यता के आधार पर मिल रही सरकारी नौकरियां

# उद्योगों की नीतियों से हरियाणा भी विकसित भारत में निभाएगा अहम भूमिका: राव नरबीर

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने गांव आसलवास में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य व वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने रविवार को बावल के गांव आसलवास में महंत आजाद नाथ योगी की 26वीं पुण्यतिथि पर शिव मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर राव नरबीर सिंह ने मंदिर में माथा टेक कर क्षेत्रवासियों के सुख, शांति व मंगल जीवन की कामना की व पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार समुचित हरियाणा के साथ-साथ दक्षिण हरियाणा के विकास को लेकर संकल्पित है। वर्तमान सरकार बिना भेदभाव के सबका साथ, सबका विकास के तहत अंत्योदय की भावना से पंक्ति में अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के युवाओं को बिना खर्ची और पर्ची के योग्यता के आधार पर के आधार पर सरकारी नौकरियां मिल रही है। वर्तमान में एम्स, यूनिवर्सिटी और बड़े-बड़े महाविद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं। इसी के साथ नेशनल हाईवे सहित गांव और शहरों की सड़कों को बेहतर बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों में भी शहरों की तर्ज पर विकास कार्य कराकर ग्रामीणों को सुविधाएं देने का कार्य कर रही है। वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत-2047 का विजन दिया है। यह विजन सभी वर्गों किसान, मजदूर व उद्योग आदि के प्रयासों से पूरा होगा। वहीं इस विजन को पूरा करने में उद्योग क्रांति का भी महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। जितने भी राष्ट्र है उनको विकसित बनाने में उद्योगों और टेक्नोलॉजी की बहुत बड़ी भागीदारी रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में उद्योगों के लिए बेहतरीन योजनाएं होने के चलते तेजी से बड़े-बड़े उद्योग स्थापित किए जा रहे है। उद्योगों की नीतियों के चलते हरियाणा भी देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। मंत्री ने ग्रामीणों द्वारा रखी गई मांगों को भी पूरा कराने का आश्वासन दिया।

# कंपनी प्रबंधक ने पांचवीं मंजिल से कूदकर दी जान



रेवाड़ी। मृतक अमित सांगवान, नागरिक अस्पताल में मौजूद पुलिस व कंपनी कर्मचारी।

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

एम2के सोसायटी में रह रहे एक प्राइवेट कंपनी के मैनेजर ने शनिवार की रात सोसायटी की पांचवीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाया। पुलिस ने आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी।

मूल रूप से भिवानी का रहने वाला लगभग 48 वर्षीय अमित सांगवान राजस्थान के टपूकड़ा की एक कंपनी में क्वालिटी प्रबंधक था। वह परिवार के साथ एम2के सोसायटी में रह रहा था। उसकी पत्नी भिवानी में लेक्चरर है। रात के समय उसने संदिग्ध हालात में सोसायटी की पांचवी मंजिल से छलांग लगा दी। आवाज सुनकर सोसायटी के सुरक्षा कर्मी वहां पहुंच गई। उन्होंने पुलिस के घटना की सूचना दी। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया। रविवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के दो जुड़वां बेटियां हैं, जो बाहर पढ़ाई कर रही हैं। पुलिस ने उसके छत से कूदने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।



रेवाड़ी। समिति की बैठक में मौजूद समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

### समिति की बैठक में समाज की एकता प्रगति और सामाजिक सुधार पर चर्चा

**रेवाड़ी।** मेघवाल उत्थान समिति की ओर से रविवार को गांव खेड़ा मुरार में सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता धर्म सिंह नंबरदार खेड़ा मुरार ने की, जिन्होंने समाज की एकता, प्रगति और सामाजिक सुधार पर विशेष बल दिया। सभा में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य व्यक्ति, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग उपस्थित थे, जिन्होंने समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस मौके पर जिले के प्रभारी लालचंद फोरमैन ने बताया कि मेघवाल उत्थान समिति हरियाणा जल्द ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को ज्ञापन सौंपेगी। बावल ब्लॉक प्रधान सूबेदार रमेश चंद ने कहा ह सिमाज के बच्चों को उच्च शिक्षा में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के लिए जल्द ही एक उच्च स्तरीय सलाहकार समिति का गठन किया जाएगा। सभा में समाज की प्रगति के साथ-साथ सामाजिक कुरीतियों पर भी चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने कहा कि मेघवाल समाज में प्रचलित बाल विवाह, दहेज प्रथा, मृत्यु भोज में अनावश्यक खर्च व शराब का अत्यधिक सेवन कुरीतियां समाज की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा हैं। इन कुरीतियों से समाज आर्थिक, शैक्षिक और स्वास्थ्य के स्तर पर पिछड़ रहा है तथा युवा पीढ़ी का भविष्य प्रभावित हो रहा है। सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मेघवाल उत्थान समिति इन कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाएगी तथा युवाओं को इन बुराइयों से दूर रहने के लिए प्रेरित करेगी। इस अवसर पर राहुल मेघवाल, उमेश कुमार, विनय सिंह, संदीप, राहुल, रविंदर चौधरी, प्रिंस, सूरजभान, सुजान सिंह, पंकज, शारदा, अनीता, कमला, भगवती, कृष्णा, बबली, प्रेमचंद, हजारीलाल, लक्ष्मी नारायण, भूपसिंह, शुभराम अरोड़ा, रामकरण, जय भगवान, गजराज सिंह यादव हीरा सिंह वैद्य व धोलू राम मौजूद थे।

### बाम्बड़ में प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम 27 को

**रेवाड़ी।** जिला प्रशासन की ओर से 27 जनवरी को जिले के गांव बाम्बड़ में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सीटीएम जितेंद्र कुमार ने बताया कि डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। सीटीएम ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से समाधान शिविर के साथ ही रात्रि ठहराव कार्यक्रम भी निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जाएगा। हरियाणा सरकार की जनहितकारी नीतियों की जानकारी देने के लिए विभागीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

- कार्यक्रम में सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जाएगा

# पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को मताधिकार का प्रयोग करने और करवाने की दिलाई शपथ



रेवाड़ी। मतदाता दिवस पर शपथ लेते हुए पुलिस कर्मचारी।



फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से रविवार को 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में जिला पुलिस लाइन सहित सभी थानों व चौकियों में पुलिस कर्मचारियों को निर्भीक होकर मतदान करने व कराने की शपथ दिलाई गई। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि भारत सरकार ने चुनाव में लोगों की भागीदारी बढ़ाने व जागरूक करने के लिए प्रति वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। भारत के प्रत्येक नागरिक को लोकतंत्र में विश्वास रखकर देश में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने की लोकतांत्रिक परंपरा को बरकरार रखना चाहिए।

### निर्भीक होकर करें मतदान

इसके अलावा प्रत्येक नागरिक को धर्म, जाति, समुदाय, भाषा के आधार पर एवं अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निर्भीक होकर मतदान करना चाहिए और प्रत्येक मतदाता को अपनी सक्रिय भागीदारी के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम मु पुलिस कर्मियों ने शपथ ली कि हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## केंद्रीय मंत्री के समर्थक पुत्रवधू लाकर उतारेंगे चुनाव मैदान में, पहले से तय किया हुआ बेटे का अंतर्जातीय युवती से रिश्ता

# नप चुनाव को लेकर सरगर्मियां शुरू, एससी बहू लाकर लड़वाएंगे चुनाव, इस लिए शादी की भी हो रही जल्दी

नरेंद्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी




रेवाड़ी। भाड़ावास गेट के पास स्थित नगर परिषद कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

नगर परिषद के चुनाव में भाग्य आजमाने के लिए पहले से तैयार एक केंद्रीय मंत्री के समर्थक को डॉ में चेयरमैन की सीट आरक्षित होने से भले ही झटका लगा हो, परंतु उनके लिए 'बीच का रास्ता' अभी तक खुला है। चर्चा है कि नगर परिषद चुनाव लड़वाने के लिए केंद्रीय मंत्री के समर्थक ने जल्द ही एससी समाज की युवती का विवाह अपने बेटे से जल्द कराने की तैयारी शुरू कर दी है। उनके बेटे ने अंतर्राजातीय विवाह करने की निर्णय लिया था, जिसके बाद पिता ने युवती से बेटे का रिश्ता पहले ही तय कर दिया था। नप चेयरमैन का चुनाव लड़ने के लिए कई नए व पुराने चेहरे ड्रा का इंतजार कर रहे थे। अगर सीट ओपन होती, तो बड़ी संख्या में दावेदार देखने को मिल सकते थे। हरिजन महिला के लिए सीट आरक्षित होने के बाद गिने-चुने नाम ही सामने आ रहे हैं, जो केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के खास समर्थक हैं। टिकट की बाजी इस बार भी राव खेमे के हाथों में ही जाने की पूरी संभावना है। जिलाध्यक्ष वंदना पोपली से लेकर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुनील मुसेपुर भी टिकट फाइनल करने में भूमिका अदा कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार राव कैंप से जुड़े एक नेता ने चेयरमैनी हासिल करने के लिए अपने बेटे की शादी जल्द कराने की तैयारी शुरू कर दी है। चर्चा है कि बेटे ने जीवनसाथी के रूप में एससी समाज की युवती को चुना हुआ है, जिनके रिश्ते को दोनों परिवारों की ओर से पहले ही मंजूरी दे गई थी। अब बेटे की जल्द शादी कर पुत्रवधु को नप के चुनाव मैदान में उतारने की पूरी तैयारी है। इन चर्चाओं में कितना दम है, यह आने वाले चंद दिनों में ही साफ हो जाएगा।



राव इन्द्रजीत सिंह



वंदना पोपली



सुनील मुसेपुर

### भाजपा के दिग्गज धुरंधर भी तैयार

ड्रा फाइनल होते ही अनुसूचित जाति से जुड़े भाजपा के कई दिग्गजों ने अपनी पत्नियों को चुनाव मैदान में उतारने की तैयारी हैं। इनमें कुछ राव इंद्रजीत सिंह के आशीर्वाद से टिकट की फिराक में हैं, तो कुछ संगठन में मजबूत पकड़ के चलते टिकट का जुगाड़ बैठाने में लग गए हैं। रोहताश वाल्मीकि, कृष्ण बिड़लान, नरेंद्र पीपल, कमल निंबल, अजय कांटीवाल व कई अन्य चेहरे अपनी बीवियों को टिकट दिलाने के लिए प्रयास तेज कर चुके हैं।

### कांग्रेस में टिकट के चुनिंदा दावेदार

भाजपा के मुकाबले कांग्रेस में चेयरमैन पद के दावेदार अभी कम ही सामने आ रहे हैं। कांग्रेस कई गुटों में विभाजित होने के कारण इस बार यह तय नहीं है कि टिकट की कमान पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव के ही हाथों में रहेगी या फिर दूसरे खेमे के। पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह से राजनीतिक मतभेद इस बार चेयरमैन की टिकट का फैसला कैप्टन के हाथ से छीन सकते हैं। ऐसे में टिकट की कमान इस बार पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा खेमे से जुड़े किसी नेता के हाथ में आ सकती है। पार्टी के जिलाध्यक्ष की भूमिका भी इस बार खास रह सकती है।

# पंद्रह सौ से अधिक विद्यार्थियों ने दी टैलेंट सर्च परीक्षा



रेवाड़ी। स्कूल में टैलेंट सर्च परीक्षा देते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

- छात्रवृत्ति परीक्षा में 1515 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

माउंट लिट्रा जी स्कूल में रविवार को हेरिटेज टैलेंट सर्च परीक्षा का आयोजन किया गया। छात्रवृत्ति परीक्षा में 1515 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी शैक्षणिक प्रतिभा एवं प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का प्रदर्शन किया। हेरिटेज टैलेंट सर्च परीक्षा का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना है। विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने पूरे जोश और उमंग के साथ परीक्षा में सहभागिता की। विद्यालय के चेयरमैन प्रवीण गोयल, प्रधानाचार्य समर कुमार औा सीनियर कोऑर्डिनेटर रोहित जांगिड़ ने विद्यार्थियों को परीक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के परिणाम घोषित होने के साथ ही विजेताओं को नकद राशि प्रदान की जाएगी। परीक्षा में स्कूल के सभी शिक्षकों ने सहयोग दिया।

## जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मीणा ने मतदाताओं को किया जागरूक

# बिना किसी प्रलोभन, भय व लालच के करना चाहिए मताधिकार का प्रयोग






रेवाड़ी। कार्यक्रम में मतदाता शपथ दिलाते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मीणा तथा प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए डीसी फोटो : हरिभूमि

- माई इंडिया माई वोट थीम के साथ जिले में मनाया 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस
- अपने वोट का प्रयोग बिना बहुत सोच समझकर राष्ट्रहित में आवश्यक रूप से करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में रविवार को माई इंडिया माई वोट थीम के साथ 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अभिषेक मीणा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर डीसी ने कहा कि हमें विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के नागरिक होने पर गर्व है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने वोट का प्रयोग बहुत सोच समझकर और बिना किसी प्रलोभन के राष्ट्रहित में आवश्यक रूप से करना चाहिए। डीसी मीणा ने मतदाताओं, विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष, एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखने तथा धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। डीसी ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य लोकतंत्र की मजबूती, मतदाता जागरूकता और हर नागरिक की भागीदारी के प्रति जागरूक करना है। हमें संविधान ने अपने वोट से अपना प्रतिनिधि चुनने का अधिकार दिया है। हम अपना वोट सही प्रतिनिधि को देकर समाज और राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे सकते हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आज का दिन प्रत्येक नागरिकों को लोकतंत्र के महापर्व में सहभागी बनने और अपने मताधिकार के प्रति संकल्प लेने के लिए प्रोत्साहित करता है। भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना की स्मृति में प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला राष्ट्रीय मतदाता दिवस, युवाओं और पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं पर विशेष ध्यान देते हुए, जागरूक, नैतिक और सहभागी चुनावी भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

उन्होंने कहा कि मतदाताओं को बिना किसी प्रलोभन, भय व लालच के अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए ताकि वह ऐसे जन प्रतिनिधि को चुन सके जो जनहित में जनकल्याणकारी व विकास नीतियों का निर्धारण व निर्माण करके उन्हें जल्द लागू कराकर अपना दायित्व पूरा कर सकें। उन्होंने कहा कि मतदान लोकतंत्र का महापर्व होता है और इस महापर्व में सभी वोटर को हर्षोल्लास के साथ भाग लेना चाहिए। उन्होंने जिले के नव युवकों से 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर वोट बनवाने और चुनाव के समय जरूरी मतदान करने का आह्वान भी किया। डीसी अभिषेक ने बताया कि हमारा देश सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। हमारे देश के चुनाव आयोग की ओर से पूरी पारदर्शिता के साथ मतदान केंद्र से लेकर मतगणना तक का कार्य कराया जाता है। देश में ईवीएम के माध्यम से चुनाव और उसके बाद पूरी पारदर्शिता के साथ मतगणना कार्य कराया जाता है। इसमें किसी भी स्तर पर खामी की गुंजाइश नहीं होती है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ सम्मानित

इस अवसर पर जिले के विद्यालयों, महाविद्यालयों व शैक्षिक संस्थानों में माई इंडिया माई वोट विषय पर आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ और अन्य कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम सुरेश कुमार, डीआईपीआरओ दिनेश कुमार, डीडीपीओ एचपी बंसल व नायब तहसीलदार चुनाव अजय यादव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## पुलिस ने रोहिंग्या का पता लगाने के लिए चलाया सर्च अभियान

रेवाड़ी। जिला पुलिस व स्वैत टीम ने शनिवार को थाना कोसली व रामपुरा क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से रहने वाले रोहिंग्या व बांग्लादेशी नागरिकों का पता लगाने के लिए सर्च अभियान चलाया। सर्च अभियान स्पेशल सेल इंचार्ज निरीक्षक रविन्द्र सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। पुलिस ने ईट-भट्ठों, झुग्गी-झोपड़ियों, होटल, पोल्ट्री फार्म व अन्य संदिग्ध स्थानों पर अवैध तरीके से रहने वाले बांग्लादेशी, विदेशी नागरिक, रोहिंग्या व संदिग्ध लोगों की जांच की। पुलिस टीम ने बाहरी श्रमिकों की भी जानकारी ली तथा उनके पहचान पत्र व वाहनों के कागजातों की भी जांच की। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि जिले में अनाधिकृत रूप से किसी को भी रहने की छूट नहीं है। जिला पुलिस ने बाहरी लोगों की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है और आगे भी इस तरह का अभियान लगातार जारी रहेगा। जिले में जो भी लोग बाहर से आकर रह रहे हैं, उनकी पहचान होना सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है। एसपी ने सभी थाना प्रबंधकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र में अप्रवासी रोहिंग्या व बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान करके उनको वापस भेजने की प्रक्रिया अमल में लाएं। एसपी मीणा ने सभी जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने पास काम करने वाले या किराए पर रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पुलिस वेरिफिकेशन जरूर कराएं।

## देशवासियों में नई चेतना, जागृति का संचार करता गणतंत्र दिवस: भार्गव

रेवाड़ी। हमारा परिवार संस्था की ओर से रविवार को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा-झंडा ऊंचा रहे हमारा' कार्यक्रम का आयोजन पंजाबी धर्मशाला में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पंकज सैनी लाइफ कोच ऊर्जा, पतंजलि के जिला प्रभारी दयाराम आर्य, भाजपा लघु व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दीपेश भार्गव व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि गणतंत्र दिवस देशवासियों के दिल में नई चेतना, नई जागृति व नई स्फूर्ती का संचार करता है। यह दिन हमें अपने अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों को भी निष्ठापूर्वक पूरा करने की प्रेरणा देता है। स्कूल के प्रबंधक श्याम सपड़ा, शिक्षाविद डा. बलबीर अग्रवाल व समाजसेवी आदर्श राजपाल ने कहा कि प्रत्येक जिला मुख्यालय पर विद्यार्थियों की आकर्षक परेड व विकास की झांकियां तैयार की जाती है, लेकिन राजधानी दिल्ली में गणतंत्र दिवस की धूम निराली होती है। सुरक्षा बलों की भव्य परेड का आयोजन होता है। वायु सेना के विमान आकाश में तरह-तरह के करतब दिखाते हैं। पूर्व नगर प्रधान सरोज भारद्वाज, डा. नीरू वर्मा व शिक्षाविद प्रीति कपूर के कहा 26 जनवरी के दिन बच्चों को देश पर बलिदान होने वाले वीरों के बारे में बताया जाता है। इससे बच्चों में देशभक्ति की भावना का संचार होता है।

# रुद्राभिषेक करके की मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। सीएम के जन्मदिन पर रुद्राभिषेक करते भाजपाई। फोटो : हरिभूमि

रविवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन्मदिवस पर शहर भक्ति और उत्साह के रंगों में सराबोर नजर आया। इस दिन को आध्यात्मिक और सेवा भाव से मनाने के उद्देश्य से शहर की बीएमजी एलिगेंट सिटी स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में रुद्राभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और शहर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष गौरव शर्मा की देखरेख में आयोजित अनुष्ठान में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। जिला अध्यक्ष वंदना पोपली के साथ सभी कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वंदना पोपली व विधायक लक्ष्मण यादव ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर चेयरमैन कृष्ण कुमार, जिला महामंत्री हिमांशु पालीवाल, कुलदीप चौहान, उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा, जिला सचिव दिनेश यादव, वीरेंद्र छिल्लर, जतिंन अरनेजा, श्यामसुंदर चुघ, सुरेन्द्र वशिष्ट, मुकेश सैनी, ओमप्रकाश चौहान, कुलदीप यादव, नीतू चौधरी, बलजीत यादव, भूपेन्द्र गुप्ता, रमेश मोरवाल, विनय, सौरभ यादव, नेहा शर्मा, अमृत कला, अजय कांटीवाल, मुकेश रंगा, सतीश बत्रा, निहाल चोकन, कुमारी गीता, अश्विनी तिवारी, संजय बड़गुर्जर, शील जैन व नरेंद्र धामलाका सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खेत से एल्यूमीनियम के चौदह पाइप चोरी

- कोसली थाने में अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज

कोसली। नया गांव में एक किसान के खेत से चोर सिंचाई के लिए रखे 14 एल्यूमीनियम के पाइप चोरी कर ले गए। किसान कृष्ण ने कोसली थाने में दी शिकायत में बतायस कि 11 जनवरी की रात चोर उनके खेत से पाइप चोरी कर ले गए। अगले दिन वे खेत में गए तो 14 पाइप गायब मिले। उन्होंने अपने स्तर पर छानबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। शनिवार को उन्होंने कोसली थाने में शिकायत दी। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।




रेवाड़ी। सभा के सदस्यों को संबोधित करते महंत लालदास। फोटो : हरिभूमि

## यादव सभा की बैठक में ऑडिटोरियम के पैंडिंग कार्य को पूरा कराने पर की चर्चा

रेवाड़ी। यादव कल्याण सभा की ओर से रविवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर व मासिक बैठक का आयोजन किया गया। कैंप में वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम ने 95 मरीजों को फ्री ओपीडी सेवाएं प्रदान की। कैंप के बाद यादव कल्याण सभा की मासिक बैठक मुख्य संरक्षक महंत लालदास महाराज की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मीटिंग में जसवंत सिंह यादव जनरल सेक्रेटरी ने सभी का स्वागत किया तथा सभा का महीने की विभिन्न गतिविधियों व आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। मुख्य संरक्षक ने कार्यकारिणी सदस्यों से ऑडिटोरियम के पैंडिंग कार्य को जल्द पूरा करने के का आह्वान किया। मीटिंग में मौजूद सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अहीरवाल व अन्य पिछड़ा वर्ग की जायज मांगों को सरकार द्वारा अनदेखा किए जाने पर गहन चिंता व्यक्त की तथा इससे समाज में बढते असंतोष के प्रति आगाह किया। बैठक में कमांडेंट आर के यादव,डा. आर के यादव, डा. आई एस खैरवाल, रामअवतार, सुरेंद्र सिंह, जगत सिंह, दुलीचंद, विजय पाल,अमर सिंह, राम सिंह, प्रो प्रमोद यादव, बीएल यादव, प्रो सतीश यादव, बालकिशन, एसके शर्मा, प्रो सुशांत, प्रियंका यादव, यशवर्धन, दिनेश, राकेश,पवन कुमार व अशोक मौजूद थे।

# हड़ताल को लेकर यूनियनों ने बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। नेताजी सुभाष पार्क में नारेबाजी करते हुए यूनियनों के कार्यकर्ता।

केंद्रीय श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी जिला कमेटी की ओर से रविवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क में बैठक आयोजिक की गई, जिसकी अध्यक्षता संगठन की जिला उपाध्यक्ष और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन की जिला प्रधान तारा देवी ने की। बैठक का संचालन संगठन के जिला सचिव शेर सिंह मीरपुर ने किया। बैठक में 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व फेडरेशनों के आह्वान पर आगामी 12 फरवरी को होने वाली देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया और फैसला लिया गया की एआईयूटीयूसी से जुड़ी सभी यूनियन हड़ताल में शामिल होगी। 12 फरवरी को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन, भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन, आशा कार्यकर्ता यूनियन, मिड-डेमील कार्यकर्ता यूनियन, ग्रामीण चौकीदार, ग्रामीण सफाई कर्मचारी व खेत मजदूर यूनियन के कार्यकर्ता नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क में एकत्रित होकर शहर में प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर एआईयूटीयूसी के जिला सचिव शेर सिंह मीरपुर ने कहा कि देशव्यापी हड़ताल मुख्यतः मजदूर विरोधी चार लेबर कोडस के खिलाफ होगी और इन्हें वापस कराने के लिए आवाज उठाई जाएगी। चार श्रम संहिताओं के माध्यम से सरकार ने 29 श्रम कानूनों को खत्म कर दिया और यूनियन बनाने व मांगों को हासिल करने के लिए आंदोलन करने पर अकुंश लगाया जा रहा है। काम के आठ घंटें से बढ़ाकर 12 घंटे करने का प्रावधान कर दिया है।

### ये रहे मौजूद

बैठक में जिला प्रधान अशोक कुंभावास, उपप्रधान पोहप सिंह बूढ़पुर, राम अवतार, राजबाला, जिला सचिव संतोष यादव, उप प्रधान अनीता, निर्मला महेश्वरी, मंजू कापड़ीवास, सावित्री नंदरामपुर बास, संतोष, अंजू, अनिता, गीता, राजदुलारी, निर्मला व जिला उपाध्यक्ष हरिओम सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### छात्राओं को मतदान करने की शपथ दिलाई

कोसली। कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में रविवार को छात्राओं ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता के माध्यम से मतदान करने का संदेश दिया। बीए प्रथम वर्ष की छात्रा तनुजा एवं चंचल तथा बीए द्वितीय वर्ष से तमन्ना, मनीषा, प्रियंका व ऋतु द्वारा मतदान के महत्व पर आधारित पोस्टर एवं स्लोगन बनाएं। राजनीति विज्ञान विभाग से डा. योगेंद्र सिंह ने भारतीय निर्वाचन आयोग की भूमिका, मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया तथा ऑनलाइन व आफलाइन तरीके से वोट बनवाने की प्रक्रिया की जानकारी दी। डा. अनिल कुमार ने छात्राओं को मतदान शपथ दिलाते हुए कहा कि लोकतंत्र के लिए मतदान करना जरूरी है। निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने कहा कि युवाओं को चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए।



### कैंप में 80 मरीजों ने कराई स्वास्थ्य जांच

कोसली। कोसली के बाबा मुक्तेश्वरपुरी मठ में रविवार को निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ मठ के महंत बाबा शिवपुरी महाराज की उपस्थिति में मार्केट कमेटी के चेयरमैन महेश यादव व जिला पार्षद जीवन हितेषी ने किया। शिविर में 80 मरीजों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। इस मौके पर अस्पताल के डा. कुणाल मेंहदीरत्ता, राजबीर सिंह, कपिल सिंघल, प्रिया कुमारी, अंकित कुमार, मठ से सूबेदार महेंद्र सिंह, शुक्रमपाल यादव, संजय एडवोकेट, रतन कुमार एडवोकेट, विजय आजाद चेयरमैन, देवेंद्र पंच, भूपेंद्र यादव, मुकेश कुमार, दारा सिंह व सतनारायण मौजूद थे।



### गोवंश की सेवा कर मनाया सीएम का जन्मदिन

कोसली। कोसली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जन्मदिन गोशाला में गोवंशों को गुड़ खिलाकर मनाया गया। जिला पार्षद एवं ओबीसी मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष शारदा देवी कार्यकर्ताओं के साथ बाबा मुक्तेश्वरपुरी गोशाला में गायों को गुड़ खिलाया व मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और लंबी आयु की कामना की। उन्होंने मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में प्रदेश की निरंतर उन्नति की प्रार्थना की। इस अवसर पर ईश्वर सिंह, चंद्रभान, धर्मपाल व अनिल मौजूद रहे।



### सीएम के जन्मदिन पर 11 कुंडीय हवन का आयोजन

धारूहेड़ा। भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से रविवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी का जन्मदिन मनाया गया। खेमचंद सैनी पूर्व प्रधान सैनी सभा की ओर से महात्मा ज्योतिबा फूले पार्क धारूहेड़ा में 11 कुंडीय हवन करके सीएम के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई तथा इस मौके पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि विधायक लक्ष्मण सिंह यादव व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री डा. बनवारी लाल ने शिरकत की। सैकड़ों की संख्या में लोगों ने हवन में आहुति डाली। इस मौके पर अजय जांगड़ा, खुशीराम जांगड़ा, जितेंद्र जैलदार, उषा, मनीषा, राकेश सैनी, खुशीराम सैनी प्रधान सैनी सभा, युद्धवीर सैनी पूर्व प्रधान सैनी सभा, ब्रह्मप्रकाश सैनी, विनय जेलदार, अत्तर पांचाल, अजीत कौशल्या, रामनिवास प्रजापत, महेंद्र जांगड़, मंगल अग्रवाल, ईश्वर सैनी, संदीप सैनी व कमलेश मोरिया सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### उत्कृष्ट सैन्य मेडिकल सेवा के लिए कैप्टन सम्मानित

रेवाड़ी। आर्मी मेडिकल कोर यानि एएमसी के गौरवशाली इतिहास में एक और नया अध्याय जुड़ गया है। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर, उच्च तुंगता वाले संवेदनशील क्षेत्र में तैनात एसएमओ कैप्टन आशु राव को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए महानिदेशक सीमा सड़क प्रशंसा पत्र से नवाजा गया है। यह सम्मान कैप्टन राव के उस साहस और समर्पण का प्रतीक है, जो उन्होंने शून्य से नीचे के तापमान और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में सैनिकों को क्रिटिकल केयर प्रदान करने में दिखाया है। उन्होंने उत्कृष्ट चिकित्सा कौशल और तत्परता से न केवल जवानों का मनोबल बढ़ाया, बल्कि आपातकालीन स्थितियों में जीवन रक्षक की भूमिका भी निभाई। रेवाड़ी के गांव कोनसीवास निवासी कैप्टन आशु राव के दादा सेना से रिटायर्ड राजाराम व पिता अजय यादव ने कहा कि सीमा सड़क संगठन की ओर से प्रदान किया गया प्रशंसा पत्र इस बात की पुष्टि करता है कि देश की सीमाओं की सुरक्षा में एएमसी के डॉक्टरों की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कठिन परिचालन क्षेत्रों में तैनात सेना के जवान, इन जांबाज डॉक्टरों के सहयोग से ही शारीरिक रूप से फिट रहकर देश की रक्षा करने में सक्षम होते हैं।

**मौसम** तेज धूप के बावजूद हवाओं ने कंपकंपी छुड़ाई, आंशिक बादल छाने की संभावना

# सर्द हवाओं से गिरा तापमान, कल से मौसम में बदलाव के आसार

- पाला जमने की आशंका, ठंडी हवाएं जमकर कर रही परेशान
- पश्चिमी विक्षोभ हो रहा है सक्रिय 26 जनवरी को बादल छा सकते
- रात के तापमान में 4.3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

उत्तरी दिशा से चलने वाली सर्द हवाओं ने रात का तापमान एक बार फिर जमाव बिंदू की ओर धकेल दिया है। इससे पाला जमने की आशंका बन गई है। ठंडी हवाएं जमकर परेशान कर रही हैं। 27 जनवरी को मौसम में फिर बदलाव देखने को मिल सकता है। आसमान में बादलों के बीच हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इस दौरान ओलावृष्टि की आशंका भी बनी रहेगी। रविवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। सूरज की तेज चमक से मौसम का मिजाज कुछ गर्म हुआ, लेकिन 14 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली हवाओं ने कंपकंपी छुड़ाने का काम किया। अधिकतम तापमान 1.7 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 17.2 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। रात का तापमान 4.3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 1.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते शनिवार को चली बर्फीली हवाओं के कारण जिले के कुछ एरिया में सुबह के समय पाला भी जमा। हवा में नमी का स्तर 80 प्रतिशत तक रहा। शाम तक हवाओं ने मौसम ठंडा बनाए रखा, जिससे सोमवार को भी पाला जमने के आसार बन गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिससे 26 जनवरी को आसमान में आंशिक बादल छा सकते हैं। इससे अगले ही दिन आने वाले मंगलवार को आसमान में बादलों के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान ओलावृष्टि भी हो सकती है। इस सप्ताह मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल सकता है।



रेवाड़ी। सर्दी से बचाव के लिए नेहरू पार्क में धूप सेंकते लोग। फोटो : हरिभूमि

### फसलों के लिए मौसम अनुकूल

इस समय मौसम फसलों के लिए पूरी तरह अनुकूल बना हुआ है। बीते सप्ताह के अंत में हुई बारिश का सरसों और गेहूं की फसलों को अच्छा फायदा मिला है। दोनों फसलों पर रौनक छाई हुई है। रात को तापमान गिरने से भी फसलों को फायदा होगा, परंतु पाला सरसों की अगेती फसल को नुकसान पहुंचा सकता है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार अभी किसानों को सरसों की सिंचाई करने की आवश्यकता नहीं है। आने वाले दिनों में और बारिश होती है, तो वह भी इन फसलों के लिए फायदेमंद साबित होगी।

### प्रदूषण की समस्या से मिली निजात

बारिश के प्रदूषण के दाग भी धाने का काम किया है। धारूहेड़ा का एक्यूआई कम होकर 150 पर आ गया। बारिश से पहले सुबह के समय एक्यूआई 300 के पार बना रहता था। आसमान में धुएं और धूल की चादर बनी रहती है। अब प्रदूषण की चादर साफ हो चुकी है, जिससे सूरज की धूप भी तेज नजर आती है। अगर और बारिश होती है, तो प्रदूषण के स्तर में और गिरावट देखने को मिलेगी। बारिश के बाद बिजली की खपत कम होकर लगभग 65 लाख यूनिट पर आ गई है।